卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 155 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦14 मार्च 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## कार खाई में गिरी, तीन की मौत

### कालसी-चकराता मार्ग पर हुआ हादसा, तीन की हालत गंभीर



देहरादून(उद संवाददाता)। कालसी-चकराता मार्ग पर एक कार गहरी खाई में गिर गई। दुर्घटना में कार सवार तीन लोगों की मौत हो गई जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं। मृतक उत्तर प्रदेश के पीलीभीत और बदायूं के बताए जा रहे हैं। मिली जानकारी के छह लोग निजी कार में सवार होकर चकराता घूमने के लिए आए थे। सभी लोग पहले रायवाला थाना क्षेत्र के छिद्दरवाला में किसी परिचित के घर गये। फिर चकराता की ओर घूमने निकल गए। बुधवार देर शाम चकराता से विकासनगर की ओर लौट रहे थे। रात करीब 9:30 बजे कालसी चकराता मार्ग पर छावनी बाजार और छावनी परिषद कार्यालय के बीच कार अचानक अनियंत्रित होकर 500 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। जिससे वाहन के परखच्चे उड़ गए। सूचना पर थाना पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। जहां खाई में दो लोग मृत पाए गए। बाद में एक और व्यक्ति का शव मिला। घायलों को सीएचसी चकराता में उपचार के लिए ले जाया गया। पुलिस के मुताबिक कार में कुल छह लोग सवार थे। इनमें से तीन लोगों की मौत हो गई। तीन घायलों (शेष पृष्ठ सात पर)

## दस आईएएस और पीसीएस अधिकारियों के तबादले

देहरादून (उद संवाददाता)। सरकार ने बुधवार देर रात को कई अधिकारियों के स्थानांतरण किये हैं। कई अधिकारियों को अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। हरिचंद सेमवाल से सचिव मानवाधिकार आयोग का प्रभार हटा लिया गया है। वह सचिव धर्मस्य एवं संस्कृति, पंचायती राज बने रहेंगे। दीपेंद्र कुमार चौधरी को सचिव मानवाधिकार आयोग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। आशीष भटगांई को निदेशक समाज कल्याण के साथ निदेशक प्रशासन, पंतनगर कृषि विवि का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। अतर सिंह के पास आवास विभाग रहेगा, उनसे अपर सचिव गृह विभाग का प्रभार हटा लिया गया है। मो. नासिर से अन्य विभाग लेकर संयुक्त निदेशक उत्तराखंड प्रशासन अकादमी नैनीताल का प्रभार दिया गया है। उधमसिंह नगर के अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय को सचिव जिला विकास प्राधिकरण का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। चीनी मिल डोईवाला के अधिशासी निदेशक दिनेश प्रताप सिंह को प्रधान प्रबंधक चीनी मिल नादेही उधमसिंह नगर का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। उधमसिंह नगर के डिप्टी कलेक्टर व भूमि अधिग्रहण के सक्षम प्राधिकारी कौस्तुभ मिश्र से सचिव जिला विकास प्राधिकरण (शेष पृष्ठ सात पर)

## 12.7 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर दबोचा

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। नशा तस्करों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में पुलिस को एक बार फिर सफलता मिली है। काठगोदाम पुलिस ने चेकिंग के दौरान स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसे कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया गया है। काठगोदाम थाना पुलिस के अनुसार पुलिस रात्रि में चेकिंग कर रही थी चंबल पुल क्रियाशाला के पास के एक युवक संदिग्धावस्था में खड़ा दिखा। जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। शक होने पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया और उसकी तलाशी ली। तस्कर के पास से 12.7 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में तस्कर ने अपना नाम नवीन मौर्य पुत्र सोहन लाल निवासी पार्वती कॉलोनी बिठोरिया काठगोदाम थाना बताया है। तस्कर ने पुलिस को बताया कि वह स्मैक संजू के साथ जाकर सितारगंज से सस्ते दामों पर खरीद कर लाता है और यहां महंगे दामों में बेचता है पुलिसने तस्कर को कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया है।

## चुनाव के दौरान सीमाओं पर रहेगी कड़ी चौकसी: डीआईजी



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आगामी लोकसभा चुना शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने पूरी तरह से कमर कस ली है। कुमाऊं क्षेत्र की सभी सीमाओं पर कड़ी चौकसी बरती जा रही है वहीं आपराधिक किस्म के लोगों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते डीआईजी डा. योगेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि लोकसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर मोबाईल टीमों का गठन कर दिया गया हैं। आपराधिक प्रवृति के लोगों के साथ ही बाहुबली तथा चुनाव को प्रभावित कर सकने वाले लोगों को चिन्हित कर उनकी सूची तैयार की गई है। इतना ही नहीं पड़ोसी राज्य की पुलिस के साथ आपराधिक तत्वों की सूची का आदान प्रदान भी किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी सीमाओं पर पुलिस टीमों द्वारा सघन चैकिंग अभियान शुरू कर दिया गया है। हर संदिग्ध व्यक्ति पर पूरी नजर रखी जा रही है। डीआईजी डा. रावत ने कहा कि जनपद उधमसिंह नगर व नैनीताल को पैरामिलट्री, एसएसबी व एसटी बीटी की तीन तीन कम्पनियां केन्द्र द्वारा उपलब्ध करा दी गई हैं। शीघ्र ही लगभग 20 कम्पनियां और मिलेंगी। उन्होंने कहा कि संगीन आपराधिक मामलों में लिप्त रहे अपराधियों को 107, 116 में निरूद्ध किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी के बनभूलपुरा में हुए दंगे में बाहरी लोगों के हाथ होने की बात भी सामने आई है। जिन्हें पकड़ने के लिए पुलिस निरंतर कार्य कर रही है। डा. रावत ने कहा कि सूदखोरों द्वारा लोगों का धन हड़पने की कई शिकायतें उनके पास आती हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ ठोस कदम उठाये जा रहे हैं। ऐसे मामलों की जो व्यक्ति शिकायत उनसे करना चाहता है तो वह हर बृहस्पतिवार हल्द्वानी में आकर उनसे मुलाकात कर सकता है। उन्होंने कहा कि चुनाव में मतदाताओं को भयमुक्त मतदान करने के लिए पूरी कोशिश की जा(शेष पृष्ठ सात पर)

## धूमधाम से मना लोक पर्व फूलदेई



देहरादून (उद संवाददाता)। कुमांऊ गढ़वाल में बाल लोक पर्व फूलदेई उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों की टोलियां ने घर-घर जाकर देहरियों पर फूल डालकर शुभकामनाएं दी। लोकपर्व फूलदेई गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री धामी ने भी सपरिवार धूमधाम से मनाया। सीएम धामी की उपस्थिति में मुख्यमंत्री आवास में रंग बिरंगे परिधानों में सजे बच्चों ने देहरी पर फूल व चावल बिखेरकर पारंपरिक गीत 'फूल देई छमा देई, जतुक देला, उतुक सई, फूल देई छमा देई, देड़ी द्वार भरी भकार' गाते हुए त्योहार की शुरुआत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी बच्चों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री धामी ने प्रदेशवासियों को फूल देई के त्योहार की हार्दिक बधाई व शुभकामनायें देते हुए देश व प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि लोकपर्वों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। गत वर्ष प्रदेश सरकार ने प्रदेशभर में फूलदेई को बाल पर्व के रूप में मनाने का निर्णय लिया था।

## जाम में फंसे केन्द्रीय मंत्री भट्ट ने दिखाई मानवता



भवाली (उद संवाददाता)। भवाली-अल्मोड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार रात मरीज लेकर हल्द्वानी जा रही 108 एंबुलेंस का एक्सेल बीच सड़क पर अचानक टूट गया। जिसके चलते मौके पर जाम लगने से वाहनों की लम्बी कतार लग गयी। जाम में केन्द्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट भी फंस गये। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से निजी एंबुलेंस से मरीज को हल्द्वानी भिजवाकर मानवता का उदाहरण पेश किया। जानकारी के मुताताबिक काफलीखान धौलादेवी निवासी अंजू देवी बुधवार शाम पेड़ से चारा काटते समय गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गयी थी। परिजन उसे 108 एंबुलेंस से हल्द्वानी एसटीएच ले जा रहे थे। झुलापुल के पास गड्ढे में पहिया जाने से एंबुलेस का एक्सेल टूट गया और वाहन बीच सड़क पर खड़ा हो गया। जिससे एनएच पर लंबा जाम लग गया। इस बीच हल्द्वानी को लौट रहे रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट भी जाम में फंस गए। जब उन्हें एंबुलेंस में मरीज होने की जानकारी मिली तो वह वह मौके पर पहुंचे। उन्होंने एंबुलेंस उपलब्ध कराने के लिए डीएम और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से फोन पर वार्ता की। जिसके बाद सीएचसी गरमपानी से डॉ. गौरव कैड़ा और मदन मोहन कैड़ा ने निजी एंबुलेंस से अंजू देवी को हल्द्वानी भेजा। खैरना चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर 108 एंबुलेंस को सड़क से किनारे हटाकर यातायात सुचारू कराया।

रस्म पगड़ी



अत्यंत दुखित हृदय के साथ सूचित किया जाता है कि मेरे पूज्य पति श्री भीमसेन बहल जी का स्वर्गवास 12 मार्च 2024 दिन मंगलवार को हो गया है, अतः उनकी आत्मिक शान्ति हेतु रस्म पगड़ी दिनांक 15 मार्च 2024 शुक्रवार को दोपहर 02.00 बजे से 03.00 बजे तक स्थान- पाँच मन्दिर, रुद्रपुर में सम्पन्न होगी।

-: शोकाकुल परिवार :-
श्रीमती अचला रानी (धर्मपत्नी)
श्री अमरनाथ भगत (ससुर)
पायल गाबा-हिमांशु गाबा (पुत्री-दामाद)
पलक गाबा - सुधांशु गाबा (पुत्री-दामाद)
ईशान गाबा, कृष गाबा (दौत्री)
नूर गाबा, नाज गाबा (दौत्री)
समस्त गाबा परिवार, बहल परिवार एवं भगत परिवार
आग्रह- कृपया इसे ही व्यक्तिगत बुलावे की मान्यता प्रदान करें।

# पीएम सूरज पोर्टल का प्रधानमंत्री ने किया वर्चुअल शुभारंभ

## पीएम–सूरज और नमस्ते इकोसिस्टम कमजोर वर्ग के सशक्तिकरण के लिए सराहनीय पहलः राज्यपाल






देहरादून(उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को प्रधानमंत्री सामाजिक उत्थान एवं रोजगार आधार जनकल्याण (पीएम–सूरज) राष्ट्रीय पोर्टल लॉन्च किया और देश के वंचित वर्गों के एक लाख उद्यमियों को ऋण सहायता स्वीकृत की। उन्होंने अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग और स्वच्छता कार्यकर्ताओं सहित वंचित समूहों के विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से भी बातचीत की। कार्यक्रम के दौरान, प्रधानमंत्री ने नेशनल एक्शन फॉर मैकेनाइज्ड सैनिटेशन इकोसिस्टम (नमस्ते) के तहत सफाई मित्रों (सीवर और सेप्टिक टैंक श्रमिकों) को आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड और पीपीई किट भी वितरित किए। इस कार्यक्रम की स्क्रीनिंग राजभवन देहरादून में भी हुई। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने कार्यक्रम में नेशनल एक्शन फॉर मैकेनाइज्ड सैनिटेशन इकोसिस्टम (नमस्ते) के तहत सफाई मित्रों (सीवर और सेप्टिक टैंक श्रमिकों) को आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड और पीपीई किट वितरित किए। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि वंचित और अंत्योदय वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित यह कार्यक्रम माननीय प्रधानमंत्री जी की दूरदर्शिता का परिणाम है। विकसित भारत का लक्ष्य पूर्ण करने के लिए योजनाओं का लाभ दूरस्थ एवं अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को मिले यह हमारा संकल्प होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज केन्द्र एवं राज्य सरकार की अनेक कल्याणकारी योजनाएं चल रही हैं, उन योजनाओं को वंचित और पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाना




हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सरकार आज विकसित भारत संकल्प कार्यक्रम के तहत हर योजना को आखिरी लाभार्थी तक पहुंचाकर उसे लाभ पहुंचाने की कोशिश कर रही है जिससे उन्हें मुख्यधारा में लाया जा सके। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित सफाई मित्रों के परिश्रम की सराहना करते हुए कहा कि ये सभी श्रमिक अग्रिम पंक्ति में योद्धा की भांति कार्य करते हैं और अपनी मेहनत के बल पर समाज में एक नया बदलाव ला रहे हैं। राज्यपाल ने कहा कि हाशिए पर खड़े लोगों का सामाजिक सशक्तिकरण किसी भी समाज के लिए सर्वोच्च प्राथमिकताओं में होना चाहिए। कमजोर और वंचित वर्ग को उनका पूरा हक मिले इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इनको सशक्त करने की दिशा में कई कदम उठाए गए हैं। पीएम–सूरज और नमस्ते इकोसिस्टम भी समाज के कमजोर वर्ग के लोगों के सशक्तिकरण के लिए सराहनीय पहल है। यह योजनाएं स्पष्ट रूप से दलितों एवं वंचितों के उत्थान के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने उपस्थित लोगों से सभी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, विधायक खजान दास, श्रीमती सविता कपूर, जिला पंचायत अध्यक्ष देहरादून मधु चौहान, निवर्तमान मेयर सुनील उनियाल गामा, अनिता ममगाईं, निदेशक शहरी विकास नितिन सिंह भदौरिया, अपर सचिव श्री राज्यपाल स्वाति एस. भदौरिया, डीएम देहरादून सोनिका, सीडीओ झरना कमठान, नगर आयुक्त गौरव कुमार, सहायक नगर आयुक्त शांति प्रसाद जोशी, सहायक निदेशक शहरी विकास विनोद सुमन सहित योजना के लाभार्थी उपस्थित रहे।

# बेहड़ ने 54 लाख की लागत से निर्मित तीन सड़कों का किया उद्घाटन





किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ ने राज्य योजना के तहत लगभग 21 लाख की लागत से निर्मित करायी गयी पुरानी गल्ला मंडी किच्छा रेलवे फाटक से लेकर संतकबीर दास मंदिर तक 500 मीटर मार्ग जो की वार्ड न०–06 व 17 को आपस में जोड़ता है तथा जिला योजना के तहत वार्ड न०–02 आजाद नगर किच्छा में 32.79 लाख की लागत से निर्मित 500 मीटर मार्ग पंजाबी कलौनी का मुख्य मार्ग तथा मदन कलौनी में बांके लाल के घर से बाबू राम के घर तक मार्ग का उद्घाटन वार्डवासियों के साथ फीता काटकर किया। विधायक बेहड़ ने वार्ड न०–02 आजाद नगर में नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए बाजपुर में 20 गाँव के चल रहे धरने को समर्थन करते हुए कहा कि सरकार किसानों को धोखा दे रही है मुख्यमंत्री को बाजपुर आवगमन पर 20 गाँवों में चल रहे किसानों के पक्ष में तत्काल भूमि स्वामित्व देने की घोषणा की जानी चाहिए थी लेकिन सरकार दोहरा ने रवेय्या अपना रखा है एक तरफ तो किसानो की बात करती है दूसरी तरफ उनकी मांगों को अनदेखा करती है । बेहड ने पुरानी गल्ला मंडी में नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ये शहर की सबसे प्रमुख सड़क जिसमे से रोजाना हजारों की तादात में लोग गुजरते है,सारे धार्मिक स्थल भी इसी सड़क से जुड़ते है, किन्तु दस साल में इस 500 मीटर सड़क का निर्माण नहीं करवाया गया, यहां पर जो पूर्व में जनप्रतिनिधि रहे हैं उन्होंने 10 साल में केवल वोट तो लिए लेकिन विकास नहीं कराया। वार्ड न०–06 पुरानी गल्ला मंडी किच्छा में सड़क निर्माण कराये जाने पर वार्ड न०–06/17 किच्छा के निवासीयों ने खुशी का इजहार व क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड का आभार जताते हुए महाराणा प्रताप चौक किच्छा में फूल मालायें लादकर व तथा ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया। इस मौके पर इस मौके पर नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी,ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष गुड्डू तिवारी,निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली,राजेश प्रताप सिंह,मेजर सिंह,पंडित अरुणेश मिश्रा,जितेन्द्र संधू,हरमीत सिंह राजू,गुरचरण सिंह बब्बू,भजन लाल अरोरा, ओम प्रकाश दुआ,गुलशन सिन्धी,ओम प्रकाश अग्रवाल,ब्रज भूषण बंसल,महिला नगर कांग्रेस अध्यक्ष सिमरनजीत कौर,जगरूप सिंह गोल्डी,सुनील ठाकुर,लियाकत अंसारी,खुस्विंदर सिंह,गुरमेल सिंह,राम सिंह,अमनदीप सिंह,हरभजन सिंह,सुरजीत सिंह, विजय अरोरा,नितिन फुटेला, जीवन जोशी, अशोक मित्रा, नितिन शर्मा, मेजर सिंह, ,दिलीप सिंह बिष्ट, महेंद्र सिंह,त्रिपत पाल सिंह, सुनीता कश्यप, कलावती, प्रेमा भट्ट, रेखा यादव,संदीप अरोरा, हरभजन सिंह,छोटू कोली,धर्मेन्द्र सिन्धी, मदन सेन शर्मा,अमरजीत शर्मा,अंग्रेज सिंह, प्रवीन सेन,सुखविंदर सिंह विर्क, नन्द लाल,जमील अहमद,राजेश अरोरा, राजकुमार कश्यप, बांके लाल, जुगराज सिंह,भूपेन्द्र सिंह,अर्जुन कोली,इशहाक अहमद,शुभाष चाँद,सोनूप्रवीन गुम्बर,किरण शर्मा ,मीना ,रेखा, पोल्ला सिंह, आदि लोग उपस्थित रहे।

# होली एवं चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब की तस्करी रोकें : मीणा

## एसएसपी ने शान्तिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने के दिये निर्देश

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा द्वारा कोतवाली परिसर में स्थित सभागार में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारी, थाना, चौकी, शाखा प्रभारियों के साथ मासिक अपराध गोष्ठी आयोजित कर अपराधों की समीक्षा एवं कर्मचारियों के साथ सम्मेलन में समस्याओं को जाना तथा उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिए गये। सम्मेलन में सभी को निर्देशित किया गया कि पुलिस अनुशासित बल है। सभी अनुशासन में ड्यूटी का निर्वहन करें। गोष्ठी में उपस्थित समस्त थाना प्रभारियों, चौकी प्रभारियों, विवेचकों को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने, आगामी होली पर्व एवम आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत कई दिशा– निर्देश दिए किए गए। उन्होंने कहा कि गृहभेदन के मामलों की समीक्षा कर शीध्र निस्तारण किये जाय। ईनामी अपराधियों की धरपकड़ की कार्यवाही तेज कर शीध्र गिरफ्तारी की जाय। लम्बित विवेचनाओं में कड़ा रूख दिखाते हुए उन्होंने कहा कि त्वरित निस्तारण किये जाये अनावश्यक शिथिलता बरतने पर सम्बन्धित विवेचक एवं थानाप्रभारी जिम्मेदार होगे। धोखाधड़ी के अभियोगों का त्वरित निस्तारण करें। मुकदमों में प्रभावी विवेचना की जाय। उपस्थित सभी राजपत्रित अधिकारियों को समस्त मामलों का पर्यवेक्षण कर सभी सम्बन्धित प्रभारियों की जिम्मेदारी निर्धारित करने के निर्देश दिये। एसएसपी ने कहा कि जुआ अधिनियम में धर पकड़ जारी रखें, शहर में जुआ और सट्टेबाजों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि एनडीपीएस एक्ट मामले में अपने अपने थाना क्षेत्रों प्रभावी चौकिंग एव पुलिस बल एवं थानों की एएनटीएफ को सक्रिय करते हुए नशे के विरूद्व प्रभारी कार्यवाही की जाय। गैंगस्टर और गुंडा अधिनियम में अधिक से अधिक कार्यवाही करें। आदतन और पेशेवर अपराधियों का चिन्हीकरण कर कार्यवाही करें। अवैध शराब की तस्करी में लिप्त तस्करों को चिन्हित कर कड़ी कार्यवाही की जाए। यातायात व्यवस्था में थाना, चौकी प्रभारियों के अतिरिक्त यातायात निरीक्षक भी स्वयं मोटरवाहन अधिनियम के अंतर्गत अधिक से अधिक कार्यवाही करें। साथ ही जनता को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए लगातार अभियान चलाए जाएं। श्री मीणा ने कहा कि आगामी लोक सभा निर्वाचन हेतु सभी तैयारी हालत में रहें। निर्वाचन आयोग द्वारा पारित निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन करें। निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण चुनाव समन्न कराने हेतु अपने– अपने थाना क्षेत्रों में ऐसे व्यक्तियों, असामाजिक तत्वों, जिनके द्वारा चुनाव प्रक्रिया के दौरान विवाद उत्पन्न कर सकते विरूद्ध आवश्यक निरोधात्मक कार्यवाही की जाय।थानों को प्राप्त पैरामिलट्री फोर्स के साथ फ्लैग मार्च व एरिया डोमिनेशन लगातार किये जाय। सभी अपने–अपने थाना क्षेत्रों में रात्रि पुलिंसिग को और अधिक मजबूत करें। संदिग्धों वाहनों एवं रात्रि में अनावश्यक घूमने वालों की चौकिंग एवं आवश्यक कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि आगामी होली पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु कानून–व्यवस्था से सम्बन्धित तैयारियों को पूर्ण कर लिया जाय। होली की आड़ में हुडदंग मचाने वालों के विरूद्व कार्यवाही की जाय। होली एवं चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब की तस्करी, बिक्री करने वालों पर सतर्क नजर रखते हुए अवैध शराब की बिक्री पर अंकुश लगाएं और तस्करों की गिरफ्तारी की जाय।मासिक अपराध गोष्ठी में प्रकाश चंद्र एसपी सिटी हल्द्वानी, हरबन्स सिंह एसपी क्राइम/यातायात नैनीताल, भूपेंद्र सिंह भण्डारी, सीओ रामनगर, नितिन लोहनी सीओ हल्द्वानी, श्रीमती संगीता सीओ लालकुआं, गौरव किरार सीएफओ नैनीताल, समेत सभी थाना प्रभारी व शाखा प्रभारी मौजूद रहे।





# महिला श्रमिकों की समस्याओं का होगा समाधान : चुघ



रूद्रपुर (उद संवाददाता)।भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ ने श्रम विभाग में श्रमिकों के समक्ष आ रही समस्याओं को सुना और श्रम कार्यालय पहुंचकर उप श्रम आयुक्त और श्रम निरीक्षक से वार्ता कर समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास किया। श्रम विभाग कार्यालय में दर्जनो श्रमिक महिलाएं पहुंची जहां उन्होंने भाजपा नेता चुघ को अवगत कराया कि उन्हें श्रम विभाग से संबंधित कागजी कार्रवाई में कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा नेता चुघ ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से वार्ता की। उन्होंने बताया कि मजदूरी कार्ड का समयाविधि में रिनुवल करा लें ताकि समस्याएं ना हो ।उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार प्रत्येक श्रमिक के हितों के साथ जुड़ी हुई है और उन्हें किसी पर प्रकार की परेशानी नहीं होने देगी। चुघ ने श्रमिक महिलाओं को आश्वस्त किया की पूर्व में शाम 5बजे तक कार्यालय में काम होता था अब सांय 7 बजे तक श्रमिकों की समस्याओं को देखते हुए समय बढ़ा दिया गया है। ताकि प्रत्येक श्रमिक सरकार की योजनाओं का लाभ ले सके। उन्होंने श्रम विभाग के अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक श्रमिक की बात को गंभीरता से लिया जाए और उनके संबंधित कार्य का निराकरण प्राथमिकता से किया जाए। चुघ ने सभी महिलाओं के श्रम विभाग से जुड़े कार्यों को तत्काल प्रभाव से कराया जिस पर सभी श्रमिक महिलाओं ने उनका आभार जताया।चुघ ने कहा कि भाजपा सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। ऐसे में समाज के सभी लोग भाजपा के साथ जुड़े और आने वाले लोकसभा चुनाव में फिर से केंद्र में भाजपा की सरकार बनाने में अपना सहयोग दें। इस दौरान राज कोली, दर्शन कोली, राम देवी, पार्वती, किरण देवी, शकुंतला, रज्जू,प्रेम देवी, शिव कुमार शिब्बु सहित दर्जनो श्रमिक महिलाएं मौजूद थी।


रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं



क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षों का अनुभव:-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले)
लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड


## तमंचा कारतूस सहित गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत आपराधिक गतिविधियों के नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत रम्पुरा चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार चौकी इंचार्ज रम्पुरा नवीन बुधानी के नेतृत्व में उप निरीक्षक विकास कुमार, उप निरीक्षक नवीन बुधानी, का. अमित जोशी व गणेश धानिक क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान किच्छा बाईपास रोड पर एक युवक संदिग्ध रूप से घूमता दिखाई दिया। पुलिस को देखकर जब उसने छिपने की कोशिश की तो संदेह होने पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता नदीम साह पुत्र अकबर साह निवासी रेशमबाड़ी बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 315बोर का एक अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आवश्यक पूछताछ करने के बाद उसे गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।



## कोचिंग क्लासेज अप्रैल माह से

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)।क्षेत्र शक्तिफार्म के कोचिंग सेंटर यूनियन के शिक्षकों द्वारा नये सत्र के कोचिंग क्लास को सुचारू रूप से संचालन के लिए एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया जिसमें निर्णय लिया गया है कि हाई स्कूल स्तर की कक्षाएं (अंग्रेजी, गणित, विज्ञान) एवं इंटरमीडिएट स्तर कक्षाएं जिसमें कला वर्ग में (अंग्रेजी एवं अर्थशास्त्र और विज्ञान वर्ग में गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान) है। समस्त विषयों की कक्षाएं पाँच अप्रैल से प्रारंभ होने जा रही हैं। यूनियन के समस्त विषय के अध्यापकों के द्वारा इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है साथ ही निर्णय लिया गया है कि ग्रीष्मकालीन अवकाश एवं शीतकालीन अवकाश की समय अवधि सुनिश्चित कर कक्षाओं में नियत समय पर सूचना दे दी जाएगी। उत्तराखंड बोर्ड, रामनगर द्वारा बोर्ड परीक्षा परिणाम 30 अप्रैल तक घोषित कर दी जाएगी। इसे देखते हुए ग्यारह (फर्स्ट ईयर) की कक्षाएं 1 मई से प्रारंभ हो जाएगीं। सभी छात्र नियत तिथि तक कक्षा ज्वाइन करें ताकि बोर्ड परीक्षा में बेहतर अंक प्राप्त कर सकें।


जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रूद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817


## यूसीसी से सभी को मिलेगा समान अधिकार: शिव अरोरा

रुद्रपुर। विधायक शिव अरोरा ने कहा सभी प्रदेशवासियों के लिए यह अत्यंत हर्ष और गौरव का क्षण है किवय हमारी प्रदेश की धामी सरकार द्वारा उत्तराखण्ड विधानसभा में पारित समान नागरिक संहिता विधेयक को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अपनी मंजूरी प्रदान की है। विधायक शिव अरोरा ने कहा निश्चित तौर पर प्रदेश में समान नागरिक संहिता कानून लागू होने से सभी नागरिकों को समान अधिकार मिलने के साथ ही महिलाओं पर हो रहे उत्पीड़न पर भी लगाम लगेगी। प्रदेश में सामाजिक समानता की सार्थकता को सिद्ध करते हुए समरसता को बढ़ावा देने मे अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। विधायक शिव अरोरा ने कहा देश के प्रधानमंत्री मोदी के विजन के अनुरूप हमारे प्रदेश के युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार नागरिकों के हितों के संरक्षण और उत्तराखण्ड के मूल स्वरुप को बनाए रखने के लिए पूरी पारदर्शिता से कार्य करेगी, वही विधायक शिव अरोरा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को बधाई दी जिनके नेतृत्व में उत्तराखंड यूसीसी लागू कानून लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है, राज्य को विकसित बनाने की सोच और एक के बाद एक राज्य हित मे लिये गये निर्णय धामी सरकार का उत्तराखंड को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनने दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, समान नागरिक सहिता कानून लागू होने से राज्य में महत्वपूर्ण परिवर्तन नजर आएंगे जिसके लिये मुख्यमंत्री पुष्कर धामी की दूरददर्शी सोच से ही आज यह ऐतिहासिक कानून बनकर तैयार हुआ है।



## सीएम के कार्यक्रम को लेकर डीएम ने ली बैठक

### जसपुर में विभिन्न विकास कार्यों का करेंगे लोकार्पण और शिलान्यास

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के 15 मार्च को जसपुर में प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम को लेकर जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने जिला सभागार में तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक ली। उन्होने अधिकारियों को मुख्यमंत्री के लाभार्थी सम्मान एवं संवाद कार्यक्रम में विभिन्न विभागीय जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को चौक, सम्मान पत्र वितरित किये जायेगें। उन्होने लोनिवि के अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल पर पंडाल, मंच, कुर्सी आदि सभी व्यवस्थाएं हाउस बनाने के भी निर्देश दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, पीडी अजय सिंह, मुख्य कृषि अधिकारी एके वर्मा, मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी, सहायक परियोजना अधिकारी



एक दिवसीय भ्रमण की सभी तैयारिया पूर्ण करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा जिन विभागों द्वारा जो भी शिलान्यास एवं लोकार्पण कराने है वे तत्काल सूची उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कार्यक्रम स्थल पर विभागीय स्टॉल लगायें जायेगें। इस सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। कार्यक्रम स्थल पर सुचारू विद्युत, पेयजल आदि व्यवस्थाऐं अधिशासी अभियन्ता विद्युत, जल संस्थान द्वारा सुनिश्चित की जायेगी। उन्होने समय से सभी को आमंत्रित करने के निर्देश भी दिये। उन्होने हैलीपैड पर सभी उचित व्यवस्थाएं करते हुये सेफ संगीता आर्या, एआरटीओ विमल पाण्डे, जिला पूर्ति अधिकारी विपिन कुमार, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नफील जीमल, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, डीपीओ व्योमा जैन सहित उप जिलाधिकारी गौरव चटवाल, ओसी डॉ0 अमृता शर्मा वर्चुल जूड़े थे।

## ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिनों काशीपुर मार्ग पर गल्ला मंडी मोड़ के पास बाईक लेकर पैदल आ रहे युवक को तस्कर मारकर उसकी मृत्यु कर देने गले आरोपी अज्ञात ट्रैक चालक के विरुद्ध परिजनों ने मुकदमा दर्ज करा दिया है। दर्ज रपट में शिवनगर ट्रांजिट कैंप निवासी प्रकाश गुप्ता पुत्र स्व. बांकेलाल ने कहा है कि 10 मार्च को रात्रि उसका पुत्र आकाश गुप्ता अपनी बहिन लक्ष्मी की ससुराल ग्राम सम्पतपुर से बाइक संख्या यू के 06 बी एच 3606 से अपने घर को आ रहा था। गल्ला मण्डी के पास पीछे से लापरवाही से आ रहे ट्रक संख्या यू के 06 सी सी 1623 के चालक ने मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मार दी। जिसकी वजह से पुत्र रोड पर गिर गया। ट्रक चालक ने अगले टायर से उसे बुरी तरह से रौंद दिया। पुत्र की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। ट्रक चालक ट्रक मौके पर छोड़कर भाग गया। पुलिस ने घटना की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## रम्पुरा क्षेत्र से किशोरी लापता

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। रम्पुरा क्षेत्र से एक किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गयी। पुलिस ने परिजनों की सूचना पर गुमशुदगी दर्ज कर ली है। जानकारी के मुताबिक चौकी रम्पुरा क्षेत्र खेड़ा कालोनी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर सौंपी। तहरीर में कहा कि 11 मार्च को उसकी नाबालिग लड़की घर से लापता हो गई। बताया कि बाद में जानकारी मिली कि पुत्री को रम्पुरा निवासी एक लड़की बुला कर ले गई। उक्त लड़की से पुत्री के मामले में पूछा तो कोई जवाब नहीं दिया। लापता किशोरी के पिता ने उक्त लड़की पर पुत्री को ले जाने का आरोप लगा पुत्री की बरामदगी की गुहार लगाई। चौकी प्रभारी नवीन बुधानी ने बताया कि किशोरी की तलाश की जा रही है।

## तमंचे संग डिस्को करने वाला गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एक युवक को अवैध तमंचे के साथ अपनी फोटो फेसबुक स्टेट्स में शेयर करने पर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार एक युवक ने अवैध तमंचे के साथ अपनी फोटो फेसबुक स्टेट्स में शेयर की थी। इसकी सूचना मिलने पर बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी के नेतृत्व में उनि विरेन्द्र चन्द, का. लक्ष्मण राम व महबूब अली ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी शाकिर पुत्र शरारुद्दीन निवासी इन्द्रानगर, रहमान मेडिकल वाली गली, वार्ड नं0-31, बनभूलपुरा को अवैध तमंचा 315 बोर के साथ इन्द्रानगर फाटक के पास से गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। थानाध्यक्ष ने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में कोई भी व्यक्ति यदि अवैध लाइसेंसी असलाहों का प्रदर्शन करता है तो कार्यवाही की जाएगी।

## उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग ने पीसीएस के 189 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञप्ति जारी

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग ने पीसीएस के 189 पदों पर भर्ती के लिए एक विज्ञप्ति जारी की है। इन पदों के लिए उम्मीदवार 14 मार्च 2024 से आवेदन कर सकते हैं। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने रिक्त पदों पर भर्ती को प्रमुखता दी है। इसी क्रम में उत्तराखंड लोक सेवा आयोग ने 13 विभागों में रिक्त चल रहे करीब 189 पदों पर आवेदन मंगाए हैं। आयोग द्वारा जारी इस विज्ञप्ति में 10 एसडीएम, 17 डीएसपी, वित्त अधिकारी, राज्य कर विभाग में सहायक आयुक्त, शिक्षा, पंचायतीराज, आदि विभागों में रिक्त पदों पर चयन के लिए आवेदन मंगाए हैं।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# यूक्रेन और रूस का युद्ध

पिछले दो वर्ष से भी अधिक समय से चल रहा यूक्रेन और रूस का युद्ध सम्पूर्ण विश्व के लिए चिंता का विषय बन चुका है। इससे न सिर्फ यूक्रेन में चारों ओर तबाही का मंजर दिखाई दे रहा है वरन वहां आज भरी निवासरत लोगों का जीवन हर पल संकट में हैं। निरंतर जारी इस भीषण युद्ध के कारण विदेशों से पहुंचने वाली मानवीय सहायता में भी बाधायें आ रही हैं। इस युद्ध में अब तक दोनों देशों के हजारों नागरिकों की मौत हो चुकी है वहीं हजारों की संख्या में लोग घायल भी हुए हैं। विश्व के कई राष्ट्राध्यक्षों द्वारा युद्ध समाप्त करने या संघर्ष विराम लागू करने के लिए निरंतर प्रयास किये लेकिन इसका सार्थक परिणाम अभी तक सामने नहीं आ सका है। यूक्रेन के साथ संघर्ष को लेकर रूस का रवैया अब भी बहुत बदला नहीं है। यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद शुरू में जिस तरह विश्व शक्तियों का ध्रुवीकरण होने लगा था, उससे लगा था कि यह विश्वयुद्ध का कारण बन सकता है, मगर वह खतरा टल गया। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने फिर से दोहराया है कि अगर देश की संप्रभुता या स्वतंत्रता को कोई खतरा पैदा होगा, तो रूस परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने के लिए तैयार है। परमाणु हमले की धौंस वे पहले भी दे चुके हैं। यूक्रेन पर रूस के हमले को दो वर्ष से अधिक समय हो गया। इस बीच कई देशों ने युद्ध विराम के लिए मध्यस्थता करने की कोशिश की, मगर उसमें कोई कामयाबी नहीं मिल पाई। अब भी रूस किसी न किसी बहाने यूक्रेन पर हमले करता रहता है। इस युद्ध की वजह से अब तक यूक्रेन के करीब दस लाख नागरिक अपने देश में ही बंदी बन कर रह गए हैं और करीब इतने ही लोग विस्थापित हो चुके हैं। दोनों देशों के बीच चल रहे संघर्ष के कारण पूरी दुनिया की कई आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति श्रंखला बाधित है। रूस की यूक्रेन से नाराजगी इस बात को लेकर है कि उसने यूरोपीय देशों के सुरक्षा संगठन नाटो की सदस्यता ले ली। जब तक यूक्रेन उससे अलग नहीं होता, तब तक रूस उससे किसी भी प्रकार की बातचीत को तैयार नहीं है। वह यूक्रेन को काफी नुकसान पहुंचा और उसके कई इलाकों पर कब्जा कर चुका है। वह चाहता है कि यूक्रेन उसके सामने समर्पण कर दे। मगर यूक्रेन झुकने को तैयार नहीं और वह भी अपने सहयोगी देशों की निरंतर मदद से रूस के सैनिक व तेल ठिकानों को लगाता निशाना बना रहा है। इसलिए यह संघर्ष अब रूस के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न बन चुका है। परमाणु हमले की धौंस भी पुतिन ने इसी जुनून में दी है। जिस तरह रूस कई बार गढ़े हुए बहाने बना कर और अंतर्राष्ट्रीय युद्ध नियमों का उल्लंघन करते हुए यूक्रेन पर हमले कर चुका है, उसे देखते हुए पुतिन के बयान को बहुत हल्के में लेना भी ठीक नहीं। मगर आज की स्थिति में परमाणु हथियारों का इस्तेमाल दुनिया में कैसी तबाही ला सकता है, कल्पना से परे है। हांलाकि रूस के राष्ट्रपति पुतिन द्वारा दी गई धमकी को कई देश मौन साध कर भी गंभीरता से लेकर इसे रोकने के लिए कूटनीतिक प्रयास कर रहे हैं। लेकिन क्या वह राष्ट्रपति पुतिन को लम्बे समय तक परमाणु हमला न करने से रोक पायेंगे? क्योंकि यह युद्ध अब राष्ट्रपति पुतिन के लिए सम्मान का विषय बन चुका है। राष्ट्रपति पुतिन भी अकेले यह युद्ध नहीं लड रहे हैं उन्हें युद्ध जीतने के लिए जो भी आवश्यक मदद चाहिये सहयोगी देश कर रहे हैं। दोनों ही देशों के पीछे न हटने के कारण यह स्पष्ट दिखाई देने लगा है कि यह युद्ध निट भविष्य में रूकने वाला नहीं है। जिस कारण यूक्रेन व रूस के साथ ही सम्पूर्ण विश्व को इसके दूरगामी परिणाम भुगतने होंगे।

# बलूनी और त्रिवेंद्र देंगे कड़ी टक्कर

## पांचों सीटों पर प्रत्याशी घोषित,निशंक और तीरथ का टिकट काटा

देहरादून। आखिरकार 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी कर दी है। केंद्रीय नेतृत्व ने उत्तराखंड में आज हरिद्वार और गढ़वाल सीट पर बने सस्पेंस को दूर करते हुए प्रत्याशियों की घोषणा कर फिर चौंका दिया। कहा जा रहा था कि इन दो सीटों पर पार्टी प्रयोग कर सकती है। ऐसा हुआ भी, भाजपा ने दो पूर्व मुख्यमंत्रियों का पत्ता काटकर पौड़ी गढ़वाल सीट पर सांसद व पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी और हरिद्वार से पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत पर दांव लगाया है। अनिल बलूनी पीएम मोदी के भी करीबी माने जाते हैं। वहीं, अभी तक गढ़वाल सीट से पूर्व सीएम तीरथ सिंह रावत और हरिद्वार से पूर्व सीएम रमेश पोखरियाल निशंक सांसद हैं। वहीं, मुख्यमंत्री कुर्सी छोड़ने के बाद से त्रिवेंद्र को राजनीतिक अवसर का इंतजार था। राजनीतिक जानकारों के मुताबिक, लोकसभा चुनाव में उनके पास राजनीतिक वनवास से लौटने का मौका होगा। बता दें कि पहली सूची में भाजपा ने टिहरी गढ़वाल, नैनीताल और अल्मोड़ा लोकसभा सीट से प्रत्याशी घोषित किए थे। इन तीनों ही सीटों पर प्रत्याशी रिपीट किए गए थे। टिहरी गढ़वाल सीट से माला राज्यलक्ष्मी शाह, नैनीताल सीट से अजय भट्ट और अल्मोड़ा सीट से अजय टम्टा को उम्मीदवार बनाया गया है। बता दें कि, उत्तराखंड में पांच लोकसभा सीट हैं। भाजपा इस बार पांचों सीटों में जीतकर हैट्रिक बनाना चाहती है। वहीं, कांग्रेस ने अभी केवल तीन ही सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा की है। भराजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि पार्टी ने पांचों सीटों पर उम्मीदवार उतार दिए हैं। भाजपा प्रचंड बहुमत से चुनाव जीतेगी। लोक पर्व ईगास को नई पहचान देने, पलायन रोकने, नई ट्रेन संचालन कराने समेत कई जनहित के कार्य कराने वाले अनिल बलूनी गढ़वाल सीट से उम्मीदवार हैं। मुख्यमंत्री के तौर पर लोक कल्याण के कई बड़े काम कराने का श्रेय त्रिवेंद्र सिंह रावत को है। उन्हें हरिद्वार से उम्मीदवार बनाया गया है। मैं दोनों प्रत्याशियों को शुभकामनाएं देता हूं।

# सियासी वनवास के बाद हरिद्वार से त्रिवेंद्र की वापसी



देहरादून। हरिद्वार संसदीय सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत को चुनाव मैदान में उतार कर भाजपा ने चुनावी चौसर पर अपनी चाल चल दी है। अब कांग्रेस के एलान का इंतजार है। हरिद्वार सीट से कांग्रेस पूर्व सीएम हरीश रावत या उनके बेटे वीरेंद्र रावत को टिकट दे सकती है। यदि ऐसा होता है तो हरिद्वार दो रावतों की जंग का अखाड़ा बनेगा।बहरहाल हरिद्वार से उम्मीदवारी मिलना त्रिवेंद्र के लिए बड़ी राहत के तौर पर देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री की कुर्सी छोड़ने के बाद से त्रिवेंद्र को एक राजनीतिक अवसर का इंतजार था। कुछ अवसरों पर संगठन में उन्हें अहम जिम्मेदारी दिए जाने की चर्चाएं गरमाती रहीं। लेकिन हर बार त्रिवेंद्र समर्थकों को मायूस होना पड़ा। 2022 में अपनी पारंपरिक डोईवाला सीट से भी वह चुनाव नहीं लड़ पाए। हालांकि इस सीट पर पार्टी ने उन्हीं के पसंद के चेहरे बीबी गैरोला को मैदान में उतारा था। त्रिवेंद्र के समर्थन से गैरोला चुनाव जीते।हालांकि त्रिवेंद्र अपनी राजनीतिक सक्रियता बनाए रहे। उन्होंने धैर्यपूर्वक अवसर का इंतजार किया। पूरे राज्य का दो बार दौरा किया। हरिद्वार चुनाव क्षेत्र में भी उनकी राजनीतिक सक्रियता रही है। हरिद्वार लोस सीट में शामिल डोईवाला में त्रिवेंद्र का तगड़ा प्रभाव और समर्थकों की एक बड़ी फौज है। भाजपा शासित धर्मपुर और ऋषिकेश सीट में भी त्रिवेंद्र का बड़ा प्रभाव माना जाता है। मुख्यमंत्री की भूमिका में त्रिवेंद्र की हरिद्वार जिले में भी काफी सक्रियता रही। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग उनके समर्थन में आए। 2022 में अपनी पारंपरिक डोईवाला सीट से भी वह चुनाव नहीं लड़ पाए थे। हालांकि इस सीट पर पार्टी ने उन्हीं के पसंद के चेहरे बीबी गैरोला को मैदान में उतारा था। त्रिवेंद्र के समर्थन से गैरोला चुनाव जीते। हरिद्वार के राजनीतिक समीकरणों से त्रिवेंद्र भलीभांति वाकिफ हैं। लेकिन राजनीतिक जानकारों का कहना है कि मोदी मैजिक के साथ त्रिवेंद्र को हरिद्वार के चुनावी समर में काफी पसीना बहाना होगा। **राजनीतिक जीवन:** जन्म–20 दिसंबर 1960 पौड़ी गढ़वाल में शिक्षा श्रीनगर गढ़वाल विश्वविद्यालय से परास्नातक की उपाधि ,पत्रकारिता में डिप्लोमा । 1979 राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े 1993 में वह भाजपा के क्षेत्रीय संगठन मंत्री 1997 भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री 2002 विधानसभा चुनाव में डोईवाला विधानसभा से जीते 2007 डोईवाला विस से चुनाव जीते, मंत्री बनें 2012 में रायपुर विस से चुनाव हारे। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव रहे, झारखंड व यूपी के सह प्रभारी रहे। 17 मार्च 2017 को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री बने। मार्च 2021 में मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया । 2022 के चुनाव पार्टी ने उन्हें डोईवाला से टिकट नहीं दिया। हरिद्वार सीट से भाजपा प्रत्याशी त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि मां गंगा के द्वार हरिद्वार से मेरा आत्मीय नाता रहा है। इसी लोस के डोईवाला विस की जनता ने मुझे विधायक, मंत्री और मुख्यमंत्री तक पहुंचाया। उनका प्यार सदा मेरे साथ रहा। मैंने भी उनके भरोसे को कभी टूटने नहीं दिया। पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता से वर्षों तक एक जनसेवक के रूप में अपने कर्तव्यों का पालन किया ताकि कभी भी मेरे कारण उन्हें सिर झुकाना पड़े। पार्टी ने मुझे हरिद्वार लोस की सेवा करने का मौका दिया, इसके लिए पीएम मोदी व केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का आभार प्रकट करता हूं। पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत ने हरिद्वार से लोकसभा का प्रत्याशी घोषित होने पर पार्टी अध्यक्ष, गृहमंत्री शाह और पीएम मोदी का अभार जताया। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा कि मां गंगा के द्वार हरिद्वार से मेरा आत्मीय नाता रहा है। इसी लोकसभा के डोईवाला विधानसभा की जनता ने मुझे विधायक, मंत्री और मुख्यमंत्री तक पहुंचाया। उनका प्यार सदा मेरे साथ रहा है और मैंने भी उनके भरोसे को कभी भी टूटने नहीं दिया और पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ वर्षों तक एक जनसेवक की भांति अपने कर्तव्यों का पालन किया, ताकि कभी भी मेरे कारण उन्हें सिर न झुकाना पड़े।

# यूसीसी बिल को राष्ट्रपति से मंजूरी मिलने पर सीएम ने जताया आभार

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी हरिद्वार पहुंचे। यहां उत्तराखंड के यूसीसी बिल को राष्ट्रपति द्वारा मंजूरी मिलने को लेकर उनका आभार जताया। देहरादून(उद संवाददाता)। आदरणीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी द्वारा उत्तराखण्ड विधानसभा में पारित समान नागरिक संहिता विधेयक को मंजूरी प्रदान करने पर मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने उनका आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के विजन के




अनुरूप हमारी सरकार नागरिकों के हितों के संरक्षण और उत्तराखण्ड के मूल स्वरुप को बनाए रखने के लिए संकल्पित है। निश्चित तौर पर प्रदेश में समान नागरिक संहिता कानून लागू होने से सभी नागरिकों को समान अधिकार मिलने के साथ ही महिलाओं पर हो रहे उत्पीड़न पर भी लगाम लगेगी और प्रदेश में सामाजिक समानता की सार्थकता को सिद्ध करते हुए समरसता को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि हमारे इस बिल का लाभ देश के अन्य राज्यों को भी मिल उन्होंने कहा कि चाहे राम मंदिर हो, धारा 370 का हटाना हो या सीएए। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश में बड़े फैसले लिए जा रहे हैं। जनता को इन फैसलों का लाभ जरूर मिलेगा।

# पौड़ी लोकसभा सीट से अनिल बलूनी को मिला सरप्राईज



देहरादून। भाजपा ने गढ़वाल संसदीय सीट से अनिल बलूनी को सियासी सरप्राईज देकर कांग्रेस के गणेश गोदियाल की टक्कर में उतारकर मुकाबले को और रोचक बना दिया है। बलूनी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के करीबी माना जाता है। बलूनी इससे पहले कोटद्वार विधानसभा से भी चुनाव लड़ चुके हैं। लोकसभा सीट पर यह उनका पहला चुनाव है। पौड़ी गढ़वाल में जन्मे बलूनी केंद्रीय राजनीति में लंबे समय से सक्रिय हैं। वर्तमान में उनके पास राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी की अहम जिम्मेदारी है। सियासी जानकारों का कहना है कि चुपचाप अपने काम में सक्रिय रहने वाले बलूनी को केंद्रीय नेतृत्व ने लोकसभा का टिकट इनाम के तौर पर दिया है। भाजपा के वर्चस्व वाली गढ़वाल सीट पर कांग्रेस 2014 से लगातार चुनाव हारी है। इस सीट पर पार्टी ने गणेश गोदियाल को मैदान में उतारा। ठाकुर मतदाता बहुल इस सीट पर गोदियाल और बलूनी दोनों ब्राह्मण और नए चेहरे हैं। राज्य सभा सांसद के तौर पर पलायन रोकने, सीमांत इलाकों में सैनिक अस्पतालों में आम नागरिकों को प्राथमिक उपचार देने, लोक पर्व ईगास को नई पहचान दिलाने और अपने पैतृक गांव में अपना वोट बनाने जैसी कई पहलों को लेकर बलूनी चर्चाओं में रहे हैं। अब इन्हीं कामों को लेकर बलूनी गढ़वाल के चुनावी समर में दिखाई देंगे। एक पत्रकार से लेकर राज्यसभा तक का सफर कर चुके बलूनी लोकसभा का चुनाव लड़ने के लिए कमर कस चुके हैं। **अनिल बलूनी का प्रोफाइल:** छात्र जीवन से राजनीति में सक्रिय रहे। गुजरात, बिहार के राज्यपाल के ओएसडी रहे। 2000 में भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रहे। 26 वर्ष की आयु में 2002 में कोटद्वार विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रहे (तकनीकी कारण से नामांकन निरस्त)। 2005 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद कोटद्वार से उप चुनाव लड़ा। 2009 में वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री रहे। 2012 में प्रदेश भाजपा प्रवक्ता का पद संभाला। 2014 में बनारस लोकसभा चुनाव में मीडिया प्रबंधन की जिम्मेदारी संभाली, राष्ट्रीय प्रवक्ता बने। 2015 से वर्तमान तक भाजपा राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख व मुख्य प्रवक्ता। 2018 में उत्तराखंड से राज्यसभा सांसद बने। 2024 में उनका कार्यकाल समाप्त हो रहा है। 2018 में देहरादून से काठगोदाम तक नैनी–दून जनशताब्दी एक्सप्रेस। फरवरी 2021 में टनकपुर से दिल्ली तक पूर्णागिरि जनशताब्दी एक्सप्रेस का संचालन शुरू कराया। मार्च 2021 में कोटद्वार से दिल्ली तक श्री सिद्धबली जनशताब्दी एक्सप्रेस शुरू कराई। अक्तूबर 2023 कोटद्वार से आनंद विहार दिल्ली तक नई रात्रि ट्रेन का संचालन शुरू कराया। प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने को सेना और अर्द्ध सैनिक बलों के अस्पतालों में ओपीडी की सुविधा, मोहंड डाट काली मंदिर के बीच संचार सेवा के लिए मोबाइल टावर, फरीदाबाद से रामनगर के लिए बस सेवा शुरू की। नैनीताल जिले के रामनगर के निकट धनगढ़ी पुल का निर्माण, राज्य में पहले इंटरनेट एक्सचेंज का कार्य शुरू कराया। कुमाऊं मंडल के लिए एम्स ऋषिकेश के सेटेलाइट सेंटर की स्वीकृति दिलाई। केंद्र सरकार के सहयोग से लैंसडोन, सुरकंडा, मुकतेश्वर में डाप्लर रडार स्थापित कराए। प्रधानमंत्री की विशेष निधि से मसूरी के लिए 187 करोड़ रुपये की पेयजल योजना की स्वीकृति, सांसद निधि से कोटद्वार उत्तरकाशी और रामनगर में आईसीयू वेंटीलेटर स्थापित किए। पौड़ी में तारामंडल और माउंटेन म्यूजियम के निर्माण के लिए सांसद निधि से 15 करोड़ की राशि जारी की। भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी ने हाईकमान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अबकी बार 400 पार, फिर से मोदी सरकार, इस नारे के साथ मैं चुनाव में जाऊंगा। गढ़वाल में मेरी मातृभूमि है। मुझे मातृभूमि का ऋण चुकाना है। राज्यसभा सदस्य के नाते मुझे जनता की सेवा करने का जो अवसर मिला, मैंने पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपने कर्तव्य को निभाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। मैं पूरे लोकसभा क्षेत्र के लिए कुछ ऐसा करना चाहता हूं, जिससे उनका जीवन आसान और सुविधाजनक हो सके।

# राष्ट्रपति से की सीएए को वापस लेने की मांग

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भाकपा माले जिला सचिव डा कैलाश पाण्डेय ने सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित कर उनसे सीएए–एनआरसी– एनपीआर को खारिज किए जाने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि दिसम्बर 2019 में पास किये गये नागरिकता संशोधन कानून को लागू करने वाली नियमावली की अधिसूचना 2024 चुनावों की अधिसूचना आने से ठीक पहले जारी करना एक राजनीतिक साजिश का संकेत है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने खुद सीएए की श्क्रोनोलॉजीश समझाते हुए कहा था कि इस कानून को लागू करने के बाद एनआरसीख्रएनपीआर को देशव्यापी स्तर पर लाया जायेगा जिसके माध्यम से दस्तावेज न दिखा पाने वाले नागरिकों को नागरिकता के अधिकार से वंचित कर दिया जायेगा। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि सीएए नागरिकों को धर्म के आधार पर बांटने के मकसद से लाया गया है। 1955 के नागरिकता अधिनियम में भारत का नागरिक होने के लिए धर्म का कहीं जिक्र नहीं था। लेकिन सीएए के जरिये नागरिकता को धर्म से जोड़ा जा रहा है। यह पूरी तरह से आलोकतांत्रिक और संविधान विरोधी है। धर्म के आधार पर नागरिकता देश की जनता को स्वीकार नहीं है।

# ऐतिहासिक मतों से विजयी होंगे अनिल बलूनी: बिष्ट

रामनगर(उद संवाददाता)। विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने भाजपा हाईकमान द्वारा पौड़ी लोकसभा सीट पर पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल बलूनी को प्रत्याशी बनाए जाने पर पत्रकार वार्ता में कहा कि भाजपा ही कमान द्वारा इस सीट पर पार्टी के राष्ट्रीय स्तर के नेता को जो टिकट दिया गया है उससे निश्चित तौर पर देश में यह लोकसभा सीट अनिल बलूनी के नेतृत्व में एक नया इतिहास रचेगी। उन्होंने कहा कि अनिल बलूनी के प्रत्याशी बनाए जाने पर जहां एक और कार्यकर्ताओं में उत्साह है तो वही जनता में भी भारी उत्साह देखने को मिला है। विधायक दीवान सिंह ने कहा कि अनिल बलूनी द्वारा राज्यसभा सांसद रहने के दौरान रामनगर विधानसभा क्षेत्र में अपनी सांसद निधि से कई ऐतिहासिक कार्य कराए गए हैं जो कि इस क्षेत्र की जनता कभी नहीं भुला सकती तो वही उन्होंने रामनगर विधानसभा में उनके द्वारा विधायक निधि से किए गए करोड़ों रुपए के विकास कार्यों की जानकारी भी दी। विधायक ने कहा कि रामनगर क्षेत्र के विकास के लिए कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी तो वहीं उन्होंने पौड़ी लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी अनिल बलूनी की ऐतिहासिक जीत का दावा करते हुए कहा कि जनता के अपार सहयोग से एक बार फिर देश में पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सत्ता में काबिज होगी उन्होंने कहा कि आज केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को लेकर जनता पूरी तरह खुश है।

# टैगोर नगर में तीन दिवसीय अखंड हरिनाम संकीर्तन शुरू

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। टैगोर नगर में तीन दिवसीय अखंड महानाम संकीर्तन का कलशयात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। संकीर्तन के शुभारंभ पर महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में मंदिर पहुंचकर कलश यात्रा निकाली।सुरेंद्रनगर स्थित तारक नाथ धाम के गंगा मन्दिर से कलशों में जल लेकर टैगोर नगर संकीर्तन स्थल पहुंचकर वैदिक मन्त्रोंच्चारण के साथ कलश स्थापना की गयी। स्थानीय एवं पीलीभीत, राजस्थान, मालखानगरी, रुद्रपुर, दिनेशपुर,दिल्ली से पहुंची कीर्तन



मंडलियों द्वारा अविरल तीन दिनों तक संगीतमय हरे राम- हरे कृष्ण हरिनाम संकीर्तन किया जाएगा। आयोजक कमेटी द्वारा शुक्रवार को महा भंडारे का आयोजन भी किया जायेगा। इस मौके पर, निवर्तमान चेयरमैन सुनील विश्वास, अशोक मण्डल, विश्वजीत हालदार, चंद्रकांत दास,रिपुसूदन मण्डल, सव्यसचिव हालदार,नारायण विश्वास,रवि मजूमदार,सुनील विश्वास, बाबूराम हालदार,मुकुल पोद्दार,पवित्र कुमार,सुजीत विश्वास, सुबल विश्वास, शंकर घोष, सुबीर सरकार ,अरविंद मंडल, सुनील सरकार ,किशोर राय, सुबल विश्वास आदि मौजूद थे।

# खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग ने लाया कैम्प

किच्छा(उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल की नगर इकाई के तत्वाधान में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग ने आम नागरिकों को स्वच्छ और स्वस्थ आहार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से समस्त खाद्य विक्रेताओं के लाइसेंस रजिस्ट्रेशन कराने हेतु कैंप आयोजित किया। जिसमें बड़ी संख्या में खाद्य





विक्रेता ने अपने प्रतिष्ठानों के लाइसेंस रजिस्ट्रेशन करवाये। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल की नगर इकाई द्वारा विगत कई दिनों से सभी खाद्य पदार्थ विक्रेताओं के लाइसेंस बनाने जाने के लिए कैंप लगाने की मुनादी कराई थी जिसके तहत जिला अभिहित अधिकारी उधम सिंह नगर डॉक्टर प्रकाश फुलारा एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशा आर्य के नेतृत्व में लाइसेंस रजिस्ट्रेशन कैम्प आयोजित कया गया। जिला अभिहित अधिकारी डॉक्टर प्रकाश फुलेरा ने कहा कि कैंप लगाने का उद्देश्य आम जनता को स्वच्छ और स्वस्थ आहार उपलब्ध कराना है। लाइसेंस धारक को लाइसेंस के नियमों का पालन करते हुए खाद्य पदार्थों की बिक्री करनी है जिससे आम नागरिकों के स्वास्थ्य से कोई खिलवाड़ न हो सके। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा प्रत्येक शहर प्रत्येक गांव में विभाग द्वारा कैंप लगाकर लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन का कार्य किया जा रहा है। शीघ्र ही विभाग द्वारा खाद्य पदार्थों की जांच का भी अभियान प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लाइसेंस धारक को इस लाइसेंस से विभिन्न प्रकार के सरकारी लाभ प्राप्त हो सकते हैं। यदि जांचों के दौरान खाद्य पदार्थ विक्रेता लाइसेंस नहीं पाया गया तो उसके खिलाफ आम नागरिकों के जीवन के साथ खिलवाड़ किए जाने जैसा अपराध बन सकता है। इससे पूर्व कैंप का उद्घाटन करते हुए प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष राजकुमार बजाज,महामंत्री विजय अरोड़ा, कोषाध्यक्ष नितिन पटेल ने कहा कि आम खाद्य पदार्थ विक्रेताओं को बढ़-चढ़कर अपने प्रतिष्ठानों का लाइसेंस रजिस्ट्रेशन विभाग में दर्ज कर लेना चाहिए जिससे उनका व्यवसाय में समय-समय पर आने वाली कठिनाइयों से बचा जा सकेगा। कहा कि लाइसेंस बनाने का कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा तथा विभागीय अधिकारियों द्वारा नगर में खाद्य पदार्थ विक्रेताओं की चेकिंग भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी खाद्य विक्रेताओं को चाहिए कि खाद्य विक्रेता के नियमों का पालन करते रहें। जिससे आम नागरिकों का जीवन स्वस्थ बना सके। इस अवसर पर मुख्य रूप से सी ए यश नारंग, निवर्तमान सभासद राजकुमार कोली सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# नेशनल वर्कशॉप में छात्रों और शिक्षकों को दी अहम जानकारियां

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मास्टरिंग दा आर्ट ऑफ रिसर्च पेपर राइटिंग : टेक्निक्स एंड स्ट्रेटेजीज' विषय पर इंटरनेशनल जर्नल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज ड्रग रिसर्च और इंटरनेशनल जर्नल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज एंड रिसर्च के सहयोग से गुरुनानक कॉलेज देहरादून में नेशनल वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कालेज के चेयरमैन जोगिन्दर सिंह अरोरा ने कहा कि छात्र-छात्राओं को शिक्षा व शोध कार्यों के क्षेत्र में व्यापक स्तर पर मिलेगा। छात्रों को बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे। इस नेशनल वर्कशॉप के अवसर पर चीफ गेस्ट प्रोफ सत्येंद्र सिंह, कुलसचिव, वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड टेक्निकल यूनिवर्सिटी ने कहा कि नेशनल वर्कशॉप छात्रों, जीवन विज्ञान शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और वैज्ञानिकों के लिए सक्षम वैश्विक रुझानों और पेशेवरों के लिए बुनियादी सिद्धांतों और अवधारणाओं को समझने का एक अनूठा अवसर है। चीफ एग्जीक्यूटिव अफसर भूपेंद्र सिंह अरोरा ने कहा कि इस नेशनल वर्कशॉप का लाभ हमारे छात्रों व शिक्षकों को मिलेगा। इस नेशनल वर्कशॉप से छात्रों को शिक्षा और रिसर्च के क्षेत्र में बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे। उन्होंने छात्र-छात्राओं को परीक्षा में धैर्य, लगन व मेहनत के साथ सर्वोत्तम प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। कंट्रोलर ऑफ ऑपरेटिंग अफसर श्रीमती विनीत अरोरा ने कहा कि छात्रों को बेहतर रिसर्च पब्लिकेशन में अवसर उपलब्ध होंगे। सेठजीत अरोरा, अलुम्नस, हार्वर्ड यूनिवर्सिटी एंड फाउंडर, करियर बडी क्लब एवं चीफ



स्ट्रेटेजी अफसर, गुरु नानक कॉलेज, झझरा, देहरादून, उत्तराखंड ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया। अनुकृति अरोरा बत्रा ने सफल जीवन के लिए छात्रों को संबोधित किया। नेशनल वर्कशॉप के दौरान स्पीकर डॉ नीरज कुमार सेठिया एवम डॉ मनमोहन सिंघल एसोसिएट प्रोफेसर फैकल्टी ऑफ फार्मेसी, डी आई टी यूनिवर्सिटी, देहरादून ,उत्तराखंड रिसर्च पेपर राइटिंग और पब्लिकेशन की बारीकियों को समझाया और नेशनल वर्कशॉप में शामिल हुए प्रोफेसर और रिसर्च स्कॉलर्स के द्वारा किये सवालों का जबाव दिया। डॉ निधि चटर्जी ने नेशनल वर्कशॉप की सराहना करते हुए कहा कि गुरु नानक कॉलेज, समय समय पर समाज के उत्थान एवं जागरूकता के लिए ऐसी गतिविधियां करता रहता है। डॉ मोहित गुप्ता ने कहा कि निरंतर प्रयास, कठिन परिश्रम व अनुशासन के माध्यम से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। नेशनल वर्कशॉप में सभी प्रतिभागियों एवं वक्ताओं को प्रमाणपत्र दिए गए। क्लब के फैकल्टी इंचार्ज इशरत मुश्ताक ने मंच का संचालन किया। वर्कशॉप में गेस्ट ऑफ होनोर्स डॉ. शशि अलोक, एडिटर -इन -चीफ, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज एंड रिसर्च डॉ कल्पेश गौर , एडिटर -इन -चीफ, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज ड्रग रिसर्च और डॉ नवनीत वर्मा, डायरेक्टर, फैकल्टी ऑफ फार्मेसी, आई घ्फ टी घ्म यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद आदि उपस्थित रहे। इस मौके पर डॉ सकलानी, ममलेश सेमवाल, प्रोफेसर काशिफ, डॉ हरसिमरत, अभिषेक, भावना पुंडीर बोरा, डॉ नीलेश, डॉ नारायणी , गुरमीत, कृति, भावना बेलवाल, बबिता, सुष्मिता, डॉ मनीषा, डॉ किरन, शुभम, रोहिता आदि, क्लास रिप्रेजेन्टेटिव इशरत अकबर,अमित ठाकुर, अंकित राज, हेमंती, शमीक्षा, अफ्शां आदि उपस्थित रहे।

# मेहरोत्रा इण्टरप्राइज में हीरो की नई बाईक की हुई लॉचिंग

काशीपुर(उद संवाददाता)। रामनगर रोड स्थित मेहरोत्रा इण्टरप्राइज में हीरो डीलरशिप पर हीरो की नयी मोटरसाईकिल हीरो एक्सट्रीम 125 की भव्य लॉचिंग की गयी। इस मौके पर प्रतिष्ठान के स्वामी अर्पित मेहरोत्रा ने बताया कि यह बाइक 125सीसी की सबसे ज्यादा माइलेज देने वाली स्पोर्टी लुक बाइक है। इस बाइक



में कई लेटेस्ट फीचर दिये गये हैं। बाइक की शुरुआती कीमत 95000 से शुरू है। डिस्क ब्रेक के साथ युवा पीढ़ी के लिए बहुत शानदार बाइक है। यह बाइक ग्राहकों के लिए उनकी पहली पसन्द साबित होगी। इस बाइक की लॉचिंग पर साझेदार अर्पित मेहरोत्रा, शुभम परोकर, यामीन, विनोद, रमेश, परवेज आदि मौजूद रहे।

# सीएम धामी ने सफाई मित्रें को बांटी पीपीई किट

देहरादून(उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा पी.एम. सूरज पोर्टल प्रधानमंत्री सामाजिक उत्थान एवं रोजगार आधारित जनकल्याण पोर्टल का वर्चुअल शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ऋषिकुल आयुर्वेदिक कॉलेज सभागार से वर्चुअली शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सफाई मित्रों (सीवर और सेप्टिक टैंक श्रमिकों) को पीपीई किट प्रदान की। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज के अंतिम छोर में खड़े लोगों तक विकास की धारा पहुंचाने, उनके उत्थान में पीएम-सूरज पोर्टल सहायता करेगा। उन्होंने कहा कि इस पोर्टल के माध्यम से हमारे राज्य के 490 लाभार्थियों के साथ संवाद का यह प्रयास हम सभी के लिए बहुत ही गर्व की बात है। पीएम-सूरज पोर्टल प्रधानमंत्री के सामाजिक उत्थान एवं रोजगार आधारित



जनकल्याण को संदर्भित करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा पिछले 10 सालों में वंचित वर्गों, गरीबों, दलितों, समाज के अंतिम छोर में जो खड़े व्यक्तियों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी गई। इसमें गरीब, पिछड़े, आदिवासी, छोटे किसान सहित सभी वर्गों का ध्यान रखा गया। इस दौरान राज्यसभा सांसद कल्पना सैनी, जिला पंचायत अध्यक्ष किरन चौधरी, विधायक मदन कौशिक, आदेश चौहान, प्रदीप बत्रा, पूर्व विधायक संजय गुप्ता, डीएम धीराज सिंह गर्ब्याल, एसएसपी प्रमेंद्र डोभाल सहित जनसमूह उपस्थित था।

# फूलदेई लोकपर्व पर बच्चों को मिले उपहार

रामनगर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड का सुप्रसिद्ध बाल लोक पर्व फूलदेई धूमधाम से मनाया गया। यह पर्व उत्तराखंडी समाज के लिए विशेष महत्व



रखता है। चैत संक्रांत यानि फूल संक्रांति से शुरू होकर इस पूरे महीने बच्चे घरों की दहलीज पर फूल डालते हैं। इसी को उत्तराखंड के गढ़वाल में फूल संग्रांत और कुमाऊं में फूलदेई पर्व कहा जाता है। रामनगर में भी कांग्रेस कार्यालय में फूलदेई पर्व मनाया गया। बच्चों ने प्रकृति के साथ सुख-शान्ति और समृद्धि की शुभकामनाएं लेकर कांग्रेस कार्यालय की दहलीज पर फूल बिछाए। हाथों में आकर्षक फूलों की छोटी-छोटी टोकरियां थामे बच्चों को कांग्रेस के पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत द्वारा शुभकामनाओं के साथ ही भेट भी दी गयी।बता दें कि फूलदेई का पर्व प्रदेशभर में दो बार मनाया जाता है। कुमाऊं के ज्यादातर लोग भावर में बस गए हैं। यही लोग इस त्योहार को मनाते हैं,ज्यादातर पहाड़ी क्षेत्रों के लोग इसे चैत के शुरू होते ही इस त्योहार को मनाते हैं। भाबर में बसे कुमाऊं के लोग आज भी पहाड़ की संस्कृति के इस पर्व को बड़े ही धूमधाम से मनाते हैं। बच्चों को फूलदेई के पर्व का इंतजार बेसब्री से रहता है। इस पर्व के अवसर पर लोग खीर सहित कई तरह के पकवान बनाते हैं। बच्चों की टोली घर-घर जाकर लोगों को फूल और चावल देते हैं और घर के बड़े-बुजुर्ग बच्चों को गुड़, पैसे और उपहार देते हैं। लोगों का कहना है कि देहरी पर आए बच्चों को प्रसाद या उपहार देने से भगवान प्रसन्न होते हैं। इस त्योहार पर बच्चे रंग-बिरंगे फूल लाकर हर घर की देहरी पर चढ़ाते हैं और इसके बदले उन्हें उपहार मिलते हैं। बच्चे इस पर्व पर एक गीत भी गाते हैं। फूलदेई छम्मा देई देणी द्वार भर भकार ये देली स बारंबार नमस्कार। यानी भगवान देहरी के फूलों से सबकी रक्षा करें और घरों में अन्न के भंडार कभी खाली ना होने दें।

## पेज एक का शेष...

**कार खाई में गिरी...**को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। मृतकों की पहचान प्रमोद पाठक, रामकिशोर निवासी कटसारी बरेली उत्तर प्रदेश और मुनेंद्र निवासी बहदराबाद हरिद्वार के रूप में हुई है। घायलों में 21 वर्षीय कृष्णपाल सिंह पुत्र रमेश सिंह निवासी ग्राम राठ जिला पीलीभीत, 20 वर्षीय सौरभ पुत्र रामवीर सिंह निवासी ग्राम वाला जिला बरेली और 46 वर्षीय सुनील कुमार पुत्र चंद्रपाल निवासी तुंगना जिला बागपत शामिल हैं। पुलिस ने शवों का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**दस आईएएस और..**उधमसिंह नगर का अतिरिक्त प्रभार हटाया गया है। हरिद्वार के डिप्टी कलेक्टर जितेंद्र कुमार को नगर आयुक्त रुड़की का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। वहीं हरिद्वार के डिप्टी कलेक्टर व नगर आयुक्त रुड़की को सचिव जिला विकास प्राधिकरण नैनीताल व महाप्रबंधक कुमाऊं मंडल विकास निगम बनाया गया है।

**चुनाव के दौरान..**रही है। ताकि कोई भी व्यक्ति उन्हें डरा धमका या प्रभावित न कर सके। वार्ता के दौरान एसपी सिटी मनोज फर्त्याल, सीओ निहारिका तोमर, एसपी क्राइम चन्द्रशेखर घोड़के आदि मौजूद थे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# एंबुलेंस खराब होने पर भट्ट ने घायल को पहुंचवाया हॉस्पिटल

## अधिकारियों को दिए आपातकालीन व्यवस्थाएं हमेशा दुरुस्त रखने के निर्देश

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने अल्मोड़ा मे वर्चुअल कार्यक्रम (जनकल्याण पीएम सूरज राष्ट्रीय पोर्टल) से लौटते समय तकनीकी रूप से खराब हुई एंबुलेंस में आ रहे घायल की मदद करते हुए उसे दूसरी एंबुलेंस में अस्पताल तक भिजवाया। उन्होंने स्वास्थ्य सचिव और राजेश कुमार सहित जिला अधिकारी और सीएमओ को 108 एंबुलेंस की व्यवस्थाओं को ठीक करते हुए घायल के अस्पताल पहुंचते ही तुरंत उपचार के निर्देश दिए। बुधवार को अल्मोड़ा से केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट लौटते समय जैसे ही खैरना फ्रॉग पॉइंट के पास पहुंचे थे कि उन्होंने देखा कि एक एंबुलेंस खराब हो चुकी है एंबुलेंस का टायर निकल चुका था



और एंबुलेंस में हेड इंजरी का मरीज को हल्द्वानी अस्पताल लाया जा रहा था। जिसको देख तत्काल श्री भट्ट ने अपना काफिला रुकवाया और दूसरी एंबुलेंस की व्यवस्था कर तत्काल हेड इंजरी वाले घायल व्यक्ति को अस्पताल भिजवाया। इस दौरान श्री भट्ट ने 108 एंबुलेंस की खराब हालत को देखते हुए तत्काल स्वास्थ्य सचिव आर राजेश कुमार से दूरभाष पर वार्ता की और आपातकालीन व्यवस्थाओं के लिए लगाई गई एम्बुलेंसों को तत्काल दुरुस्त कर ठीक करने के निर्देश दिए। श्री भट्ट ने कहा कि आपातकालीन व्यवस्थाएं हमेशा दुरुस्त रहनी चाहिए। साथ ही श्री भट्ट ने जिलाधिकारी, उप जिला अधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी के अलावा राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी के प्राचार्य से भी दूरभाष पर वार्ता की और एंबुलेंस में हल्द्वानी अस्पताल के लिए भेजे गए मरीज को पहुंचते ही तत्काल प्राथमिकता के आधार पर उपचार करने के निर्देश दिए। श्री भट्ट के द्वारा मदद किए जाने पर घायल व्यक्ति के परिजनों ने उनका आभार जताया।

# एसडीएम ने अवैध खनन में दो ट्रैक्टर ट्रालियों को किया सीज

सितारगंज (उद संवाददाता)। नेशनल हाईवे में बिना नंबर प्लेट के अवैध खनन ढो रहे ट्रैक्टर ट्रॉली वाहन को राजस्व विभाग ने कब्जे में लेकर सीज कर दिया है। दो दिन में प्रशासनिक टीम अवैध और ओवरलोड खनन में चार वाहनों पर कार्रवाई कर चुका है। जिससे हड़कंप मचा हुआ है। डीएम के निर्देशन पर गुरुवार को एसडीएम



रविंद्र कुमार जुवांठा ने अवैध खनन पर प्रतिबंध लगाने के लिए पीलीभीत रोड पर अवैध खनन में लिप्त तीन ट्रैक्टर ट्रॉली को कब्जे में ले लिया। मौके पर मौजूद खनन कारोबारी एसडीएम को खनन से संबंधित दस्तावेज नहीं दिखा सके। कई वाहनों पर नंबर प्लेट तक नहीं लगी हुई है। जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि अवैध खनन में लिप्त लोगों पर जिम्मेदार विभागों की करवाई का कोई असर नहीं पड़ रहा है।

# नील मैटल कंपनी में लगा ब्लड डोनेट कैंप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल स्थित नील मैटल प्रोडक्ट्स लि.यूनिट 10 में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान के 98 कर्मचारियों ने स्वैच्छिक रक्तदान कर अपने साथियों के लिए आदर्श प्रस्तुत किया। इससे पूर्व रक्तदान शिविर का शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्लांट हेड अशोक लीलैंड मुरली कृष्णन व कार्यक्रम संयोजक प्लांट हेड एन 10 रमेश रोहिला तथा एचआर हेड पंकज पाठक ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि मुरली कृष्णन ने शिविर में उपस्थित संस्थान के अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि 60 वर्ष आयु तक के हर स्वस्थ



व्यक्ति को जीवन में रक्तदान अवश्य करना चाहिए। इससे शरीर में रक्त संचार बेहतर बना रहता है वहीं दान किये गया रक्त से किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन भी मिल जाता है। उन्होंने कहा कि जीवन में कभी भी कहीं किसी जरूरतमंद व्यक्ति के लिए रक्त देने का अवसर मिले तो इस शुभ पल को गंवाना नहीं चाहिए। अपने सम्बोधन में कार्यक्रम संयोजक प्लांट हेड एन 10 रमेश रोहिला तथा एचआर हेड पंकज पाठक ने कहा कि समाज में रक्तदान को महान कार्य का दर्जा दिया गया है। संस्थान में समय समय पर न सिर्फ रक्तदान शिविर का आयोजन किया जात है बल्कि सभी कर्मचारियों को रक्तदान के प्रति जागरूक भी किया जाता है। उन्होंने रक्तदान शिविर में रक्तदान करने वाले सभी कर्मचारियों का आभार भी व्यक्त किया। इस दौरान संस्थान के कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

# विधायक हृदयेश ने किया सी सी मार्ग का लोकार्पण

हलद्वानी (उद संवाददाता)। विधायक सुमित हृदयेश ने वार्ड 8 कुलियालपुरा में 12.68 लाख की विधायक निधि से निर्मित सीसी मार्ग और नाली का विधिवत लोकार्पण कर कुलियालपुरा वासियों को विकास की सौगात प्रदान की।विधायक हृदयेश ने कहा कि नगर के आंतरिक मार्गो को गड्डा मुक्त कर आम जनमानस को सुगम आवागमन प्रदान करने के लिए विधायक निधि से जितना संभव हो लगातार कार्य किया जा रहा है। लोकार्पण कार्यक्रम में खीम सिंह चौहान, महेंद्र कुमार,अरविंद कुमार, सुंदर लाल आर्य, जगदीश चंद्र आर्य, बीएल आर्य, नंदन सिंह, हुकुम सिंह, बबिता खोलिया, रेखा खोलिया, महेन्द्र कश्यप, परमजीत बेदी, कृष्ण कुमार, पीएस जन्तवाल, हरीश सलाल, गिरीश चन्द, चन्दन सिंह सलाल, भुवन चन्द्र पांडे, धर्मपाल कश्यप, कैलाश सलाल, कुन्दन लाल, प्रशान्त शाह, मनोज, भुवन कुडाई, कुधेर राम, दीपा देवी, रेवती देवी, सरस्वती देवी, गुड्डी, बसन्ती देवी, जानकी देवी, हीरा देवी, आशा चौहान, हेमा, पुष्पा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# लक्ष्मी काला व जया पांडेय बनी मिनी गोल्फ की राष्ट्रीय निर्णायक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मिनिगोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में 9 वी सीनियर महिला एवम पुरुष मिनीगोल्फ चौंपियनशिप 2023- 24 का आयोजन दिनांक 3 मार्च से 6 मार्च 2024 तक जिला स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, मानपुर, नागपुर,महाराष्ट्र में कराया गया। मिनिगोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वार राष्ट्रीय स्तर रेफरी चयन का आयोजन किया गया। इसमें उत्तराखंड के दो प्रथम महिला प्रशिक्षको श्रीमती लक्ष्मी काला भीमताल में अध्यापिका एवम जया पांडेय माउंट लिट्रा स्कूल रुद्रपुर में अध्यापिका मिनिगोल्फ की राष्ट्रीय स्तर रेफरी चयन पात्रता परीक्षा में चयनित हुई। मिनीगोल्फ एसोसिएशन आफ उत्तराखंड के अध्यक्ष सीनियर एडवोकेट डीके शर्मा ने उत्तराखंड की दोनो चयनित प्रथम महिला रेफरीयो को बधाई दी। डॉ. नागेंद्र शर्मा क्रीड़ा अधिकारी कुमाऊं विश्वविद्यालय ने दोनो प्रशिक्षको को बधाई देते हुए बताया कि उत्तराखंड की दोनो मिनी गोल्फ महिला प्रशिक्षक सफलता पूर्वक राष्ट्रीय मापदंडों के अनुसार मिनिगोल्फ की राष्ट्रीय स्तर की रेफरी चयन परीक्षा में पास हुई है। उक्त उपलब्धि पर संघ के सचिव डॉ. राहुल चंद्रा, प्रोफेसर डीसी पंत, कैलाश भगत, अंकुश रौतेला, प्रोफेसर डीडी जोशी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अपजीत सिंह, उपाध्यक्ष पीके बक्शी, मनप्रीत सिंह, सुरेश चंद्र पांडेय, एडवोकेट भूपेश दुमका, जेबी सिंह, अपजीत सिंह, डॉ राजेश कुमार सहित अनेक खेल प्रेमियों ने बधाइयां एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।



